जयपुर ■ सीकर ■ अजमेर ■ अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक अपना अखबार

# मॉर्निंग न्यूज़

'हर पुरुष की सफलता के पीछे एक स्त्री का हाथ होता है, चाहे वह मां, बहन, पत्नी, दोस्त या फिर कोई ओर हो।'

वर्ष 20 अंक : 341 ₹ 4.00 पृष्ठ-8

www.morningnewsindia.com

जयपुर
मंगलवार 22 अप्रेल, 2025



पेज 8 | स्पोर्ट्स

व्यापारियों से ठगी करने वाला मुंबई से गिरफ्तार | 3

# हमारा प्रयास राजस्थान की तस्वीर और तकदीर को बदलना : सीएम

## मुख्यमंत्री ने की कर्मयोगी कौशल विकास सप्ताह की शुरुआत, लोक सेवकों को मिला मुख्यमंत्री उत्कृष्टता व राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पुरस्कार

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाए रखने में लोक सेवकों की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत व विकसित राजस्थान के निर्माण के लिए अन्तिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को विकास की योजनाओं से लाभान्वित करना बेहद जरूरी है एवं इस कार्य के सफल क्रियान्वयन की जिम्मेदारी लोक सेवकों की है। उन्होंने कहा कि लोक सेवक को सुशासन के लिए कर्तव्यनिष्ठा, दृढ़ इच्छाशक्ति एवं पूर्ण संवेदनशीलता के साथ काम करना चाहिए। शर्मा सोमवार को झालाना डूंगरी स्थित हरिशचन्द्र माथुर राज्य लोक प्रशासन संस्थान में लोक सेवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद व्यक्ति अभाव में जब लोक सेवक के पास आता है, तो पूर्ण जिम्मेदारी से उसकी हरसंभव मदद करनी चाहिए। उन्होंने आमजन को त्वरित राहत पहुंचाने के लिए लोक सेवकों को निरंतर जनसुनवाई करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि हमें टीम भावना के रूप में सार्वजनिक हित और लोक-कल्याण के साझा लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कार्य करना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल ने वर्ष 1947 में आज ही के दिन भारतीय प्रशासनिक सेवा के

» शेष पृष्ठ 6 पर



### राइजिंग राजस्थान समिट से प्रदेश मजबूत बनेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा प्रारम्भ किए गए 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' से प्रेरित होकर प्रदेश में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत गत वर्ष 7 करोड़ 22 लाख पौधे लगाये गये तथा इस वर्ष 10 करोड़ पौधे लगाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य में निवेश को प्रोत्साहित कर रोजगार सृजन के उद्देश्य से राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट आयोजित किया गया। जिसमें निवेशकों द्वारा लगभग 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू किए गए हैं, जिनमें से 3 लाख करोड़ रुपये के एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग भी की जा चुकी है।

### ग्राम स्तर तक ई-फाइल प्रणाली को किया गया लागू

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार लोकहित, त्वरित एवं भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन की संकल्पना हेतु पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। इस हेतु सेवाओं की सरल, सुगम एवं त्वरित प्रदायगी के लिए नवाचारों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निवेश और रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए एक जिला-एक उत्पाद नीति, नई पर्यटन इकाई नीति,एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति, नवीन खनिज नीति जैसी महत्वपूर्ण नीतियां जारी की गई हैं। साथ ही, ग्राम स्तर तक ई-फाइल प्रणाली को लागू कर दिया गया है तथा सभी विभागों में ऑन-लाइन पेपर लेस कार्य हो रहा है। शर्मा ने कहा कि आमजन के कार्यों के निस्तारण में तेजी आई है। जन अभियोगों

» शेष पृष्ठ 6 पर

# अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस ने परिवार संग दिल्ली का अक्षरधाम देखा

**पत्नी-बच्चों के साथ 4 दिन के भारत दौरे पर**



**नई दिल्ली ( एजेंसी )**

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस सोमवार को पत्नी उषा, बच्चों इवान, विवेक और मीराबेल के साथ दिल्ली के अक्षरधाम मंदिर गए। वे वहां करीब 1 घंटे रुके। उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह जेडी वेंस का पहला आधिकारिक भारत दौरा है। वे 4 दिन भारत में रहेंगे। वेंस का प्लेन सुबह 9:45 बजे दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरा। यहां केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उन्हें रिसीव किया। एयरपोर्ट पर ही उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। वेंस, उनकी पत्नी और बच्चों के सामने कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य पेश किया। प्रधानमंत्री मोदी आज शाम वेंस और उनके परिवार के लिए डिनर होस्ट करेंगे। वेंस विदेश मंत्री एस जयशंकर, हृ्र अजित डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्री और अमेरिका में भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा से भी मुलाकात करेंगे।

**वेंस बोले- मेरे बच्चों को अक्षरधाम मंदिर बहुत पसंद आया :** अक्षरधाम मंदिर देखने के बाद जेडी वेंस ने कहा कि इतने प्यार और आदर के साथ मेरा स्वागत करने के लिए आपका धन्यवाद। ये मंदिर इतनी सुंदरता और बारीकी से बनाना भारत की खूबी दिखाता है। मेरे बच्चों को ये बेहद पसंद आया।

## एक नजर

### भारतीय एयरलाइंस के खिलाफ आयकर विभाग की कार्रवाई

**इंडिगो सहित तीन विमान कंपनियों को 1500 करोड़ का नोटिस**

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** इनकम टैक्स विभाग ने इंडिगो समेत तीन डोमेस्टिक एयरलाइन कंपनियों और उनसे जुड़े 15 इंटरनेशनल विमान लेसर्स (लीज पर विमान देने वाली कंपनियों) को



1,500 करोड़ रुपए का टैक्स नोटिस भेजा है। आयकर विभाग ने इन पर आयरलैंड में बनी कागजी कंपनियों (शेल कंपनियों) के जरिए टैक्स बचाने का आरोप लगाया है। ये नोटिस अक्टूबर 2024 और मार्च 2025 में भेजे गए थे। टैक्स में हेरफेर का यह मामला 2021-22 और 2022-23 के वित्तीय वर्षों से जुड़ा है।

### ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस नहीं रहे

**88 साल की उम्र में निधन, ताबूत में रखा जाएगा शव**

**वेटिकन ( एजेंसी )।** कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का 88 साल की उम्र में निधन हो गया है। वेटिकन के मुताबिक स्थानीय समयानुसार सोमवार सुबह 7 बजकर 35 मिनट पर पोप ने आखिरी सांस ली। पोप फ्रांसिस इतिहास के पहले लैटिन अमेरिकी पोप थे। आज रात 8:00 बजे वेटिकन में पोप का शव ताबूत में रखा जाएगा।



उनके वेटिकन स्थित सेंट मार्था निवास पर कार्डिनल केविन जोसेफ फैरेल, पोप का शव ताबूत में रखेंगे। बुधवार को उनका शव सेंट पीटर्स बेसिलिका में रखा जा सकता है। पिछले कई महीनों से पोप स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्हें 14 फरवरी को रोम के जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका निमोनिया और एनीमिया का इलाज भी चल रहा था।

### पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के हत्यारे की सुनवाई टली

**अमृतसर ( एजेंसी )।** पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा काट रहे जगतार सिंह हवारा की तिहाड़ जेल (दिल्ली) से पंजाब की जेल में तबादला की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई एक बार फिर टल गई। जस्टिस बीआर गवई की अगुआई वाली पीठ ने सोमवार को चंडीगढ़ प्रशासन की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता के अनुरोध पर अगली सुनवाई की तारीख दी। 4 फरवरी 2025 को सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार ने हवारा की याचिका का कड़ा विरोध करते हुए कहा था कि उसे पंजाब नहीं, केवल चंडीगढ़ स्थानांतरित किया जा सकता है, क्योंकि उसकी ट्रायल प्रक्रिया चंडीगढ़ में हुई थी। पंजाब के महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि हवारा ने पहले भी 2018 में दिल्ली हाईकोर्ट में इसी तरह की याचिका दायर की थी, जिसे खारिज किया गया था।

### बीजेपी के इकबाल सिंह होंगे दिल्ली के नए मेयर

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** विधानसभा चुनाव में हार के बाद अब आम आदमी पार्टी (आप) ने म्यूनिसिपल कॉर्पोरेशन ऑफ दिल्ली चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी



और दिल्ली के पार्टी अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। चुनाव 25 अप्रैल को होगा। पार्टी के प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोनों नेताओं ने कहा कि भाजपा ने पहले भी एमसीडी का चुनाव

» शेष पृष्ठ 6 पर

# 10 फीट गहरी खाई में गिरी टेम्पो-ट्रैक्स, 6 की मौत

## रायसेन में ड्राइवर को झपकी लगने से पुलिया से टकराई, दूल्हा-दुल्हन समेत 3 घायल

**रायसेन ( एजेंसी )**

रायसेन में भोपाल-जबलपुर रोड पर सड़क हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई। घटना बम्होरी ढाबे के पास बंदर वाली पुलिया के पास सोमवार सुबह 6.30 से 7 बजे के बीच की है। टेम्पो ट्रैक्स (तूफान) पहले पुलिया से टकराई, इसके बाद 10 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में दूल्हा-दुल्हन समेत 3 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। गाड़ी में कुल 9 लोग सवार थे। एसपी पंकज कुमार पांडेय के मुताबिक हादसे में दो महिलाओं, एक बच्ची और तीन पुरुषों की मौके पर ही मौत हो गई। शुरुआती जांच में सामने आया है कि ड्राइवर को नींद आने के कारण यह हादसा हुआ। बाड़ी एसडीओपी अदिति सक्सेना ने बताया कि गाड़ी जबलपुर से इंदौर की ओर जा रही थी। परिवार शादी करवा कर बिहार के सुपौल जिले से लौट रहा था।



**घायलों में दूल्हा-दुल्हन भी शामिल :** घायलों में शामिल दीपक चोपड़ा दूल्हा है और संगीता दुल्हन है। दोनों परिवार बिहार के सुपौल जिले से शादी कर लौट रहे थे। दीपक इंदौर के चंदन नगर का रहने वाला है। घायल दूल्हा-दुल्हन और दूल्हे के जीजा को रायसेन जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिर यहां से भोपाल के हमीदिया अस्पताल रेफर

» शेष पृष्ठ 6 पर

# झारखंड में 8 नक्सलियों का एनकाउंटर

## बोकारो में 1 करोड़ का इनामी भी ढेर, एके-47, 4 इंसास राइफल समेत कई हथियार बरामद, सर्च ऑपरेशन जारी

**बोकारो ( एजेंसी )**

झारखंड के बोकारो में सोमवार सुबह सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए हैं। एनकाउंटर जिले के लुगू और झुमरा पहाड़ के बीच जंगली इलाके में हुई। झारखंड डीजीपी अनुराग गुप्ता के मुताबिक, मुठभेड़ में एक करोड़ रुपए का इनामी नक्सली प्रयाग मांझी उर्फ विवेक भी मारा गया। अब तक कुल 8 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। बाकी नक्सलियों की पहचान में जुटे हुए हैं। अभी और नक्सलियों के छिपे होने की जानकारी है। सर्च ऑपरेशन जारी है। घटनास्थल से एक रिवॉल्वर, 1 एसएलआर, 4 इंसास राइफल कई हथियार भी बरामद किए गए हैं। गुप्त सूचना के आधार पर सीआरपीएफ और जिला पुलिस के जवान सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों की नजर जवानों पर पड़ी और उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में जवानों ने भी फायरिंग की।



वहीं, डीजीपी ने कहा- दस्ते में 16-17 नक्सली शामिल थे। मृतकों में प्रयाग मांझी उर्फ विवेक, अरविंद यादव उर्फ अविनाश, 10 लाख का इनामी साहेब राम मांझी की पहचान कर ली गई है। बाकी मृत नक्सलियों की पहचान की कोशिश जारी है।

**4 इंसास राइफल, एक स्क्र और एक पिस्तौल बरामद :** जानकारी के मुताबिक, मुठभेड़ सोमवार सुबह करीब 5.30 बजे शुरू हुई, जो करीब ढाई घंटे तक चली। इस दौरान दोनों ओर से रुक-रुककर गोलियां चलती रहीं। नक्सलियों के साथ मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने एक रिवॉल्वर, 4 इंसास राइफल, एक स्क्र बरामद की हैं।

» शेष पृष्ठ 6 पर

### बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट, एक जवान शहीद

**सड़क निर्माण कार्य की सुरक्षा ड्यूटी के दौरान धमाका**

**बीजापुर ( एजेंसी )।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से एक जवान मनोज पुजारी शहीद हो गया। बताया जा रहा है कि जवान रविवार सुबह तोयनार-फरसेगढ़ मार्ग पर सड़क निर्माण की सुरक्षा में तैनात थे, तभी बम पर पैर पड़ने से धमाका हुआ है। मामला तोयनार थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक मनोज पुजारी (26) छत्तीसगढ़ आर्म्ड फोर्स के 19वीं बटालियन पर थे। घटना तोयनार से करीब 4 किलोमीटर दूर मोरमेड के जंगल में हुई।

सूचना मिलते ही सुरक्षाबलों की टुकड़ियां घटनास्थल की ओर रवाना की गईं। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। बीजापुर मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर अंबेली गांव के पास नक्सलियों आईईडी ब्लास्ट किया था। धमाका इतना जोरदार था कि सड़क पर करीब 10 फीट गहरा गड्ढा हो गया। वाहन के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी के कुछ पार्ट्स 30 फीट दूर एक पेड़ पर 25 फीट ऊंचाई पर मिले थे।

**प्रदेश में हीटवेव का अलर्ट** | **5 जिलों के तापमान में गिरावट**

# जयपुर-बीकानेर में स्कूलों का समय बदला

## धौलपुर-गंगानगर में पारा 41.8 डिग्री सेल्सियस

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

राजस्थान में हीटवेव के अलर्ट को देखते हुई जयपुर और बीकानेर में स्कूलों का समय बदला गया है। जयपुर में प्री-प्राइमरी से 8वीं कक्षा तक के स्टूडेंट का स्कूल का समय सुबह 7:30 से 11:30 बजे तक का रहेगा। वहीं बीकानेर में 8वीं क्लास तक के स्कूल सुबह 7 से 11 बजे तक खुलेंगे। चित्तौड़गढ़ में आज से स्कूलों का समय बदल गया है। इधर, बाड़मेर, जोधपुर, उदयपुर में सोमवार दिन के तापमान में एक डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हुई, जबकि जयपुर, कोटा, चूरू के तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हुई।

आज सबसे ज्यादा तापमान धौलपुर, गंगानगर में



41.8 और बाड़मेर में 41.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। चूरू में अधिकतम तापमान 40.4, फलोदी में 40.6, कोटा में 41.1, पिलानी में 41.2 और टोंक में 40.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में अधिकतम तापमान में गिरावट हुई। जयपुर में पारा 39 डिग्री सेल्सियस से ऊपर नहीं गया।

वहीं, रविवार रात जोधपुर, जैसलमेर समेत कई शहरों में रात के तापमान में भी गिरावट हुई। बारां, सिरोही, फतेहपुर और पाली में बीती रात न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। सबसे गर्म रात कल जयपुर में रही, जहां का न्यूनतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में 22-23 अप्रैल

» शेष पृष्ठ 6 पर

### जम्मू-श्रीनगर हाईवे लगातार दूसरे दिन बंद

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में रविवार को बादल फटने और लैंडस्लाइड से इलाके में तबाही मच गई थी। इसमें 3 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने करीब 100 लोगों को रेस्क्यू



किया। रामबन इलाके में सोमवार को भी रेस्क्यू अभियान चलाते हुए घरो और सड़कों से मलबा हटाया जा रहा है। हालांकि, जम्मू श्रीनगर हाईवे दूसरे दिन भी बंद है। इसके चलते सैकड़ों ट्रक और वाहन अलग-अलग स्थानों पर फंसे हुए हैं। इसमें हजारों पर्यटक भी शामिल हैं।

» शेष पृष्ठ 6 पर